# मतदाता पुनरीक्षण कार्य 99% पूरा साढ़े पांच लाख मतदाता घटे




नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 99 प्रतिशत पूरा होने का दावा किया है. पुनरीक्षण कार्य में साढ़े 5 लाख मतदाता कम होने की जानकारी सामने आ रही है. इसमें से 41 हजार से ज्यादा मतदाताओं का निधन हो चुका है और बाकी 5 लाख मतदाता गायब है.**

आश्चर्यजनक बात यह है कि कुल मतदाता में से करीब 20 प्रतिशत मतदाता कम हो रहे है. इससे बढ़कर यह है कि शहर के कई विधानसभा क्षेत्र में 25 प्रतिशत मतदाता गायब है और यह जीत के आंकड़े से दो गुना तक जा रहे हैं. कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज बताया कि इंदौर जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 99% पूरा हो गया है. आज रात तक यह शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाने का दावा भी किया है. 2023 के विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 28.61 लाख थी. विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में यह घटकर 22.30 लाख रह गई है. मतलब यह है कि करीब 5.50 लाख मतदाता गायब है. यह आंकड़ा आश्चर्यचकित करने वाला है. इससे बढ़कर यह है कि विधानसभा 1 में 97220, विधानसभा 2 में 90 हजार, विधानसभा 3 में 32200, विधानसभा 4 में 50 हजार, विधानसभा 5 में 1.1 लाख, देपालपुर में 35 हजार, विधानसभा सांवेर 31500, महू में 33350 और राऊ 74 हजार मतदाता गायब है.

### 12 प्रतिशत मतदाता कम

इसको यूं देखे तो विधानसभा 1 में कैलाश विजयवर्गीय 58 हजार, दो में रमेश मेंदोला 1 लाख 7 हजार, गोलू शुक्ला 14750, मालिनी गौड़ 69850, महेंद्र हार्डिया 15700, मधु वर्मा 35522, मनोज पटेल 13700, उषा ठाकुर 34400 और सांवेर से तुलसी सिलावट 69 हजार वोटों से जीते थे. उपरोक्त आंकड़े के अनुसार जीत और मतदाता गायब होने में शहरी क्षेत्र में 25 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 प्रतिशत मतदाता कम होने की जानकारी सामने आ रही है. पूरे जिले में 18 से 20 प्रतिशत मतदाता कम होंगे, जो आंकड़े बताए जा रहे हैं.

### गायब मतदाता का विवरण

- 41 हजार की मृत्यु हो चुकी है
- 2 .55 लाख दर्शाए पते पर रहते ही नहीं है
- 2 लाख के करीब मतदाता शिफ्ट यानि विधानसभा या जिला बदल चुके हैं.
- 45 हजार मतदाता अन्य कारणों से नहीं मिले हैं.

# निगम क्षेत्र की 8 पंचायतों में होंगे स्वच्छता के कार्य : सम्भागायुक्त

- सम्भागायुक्त की अध्यक्षता में विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक



**इंदौर. संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक में विमानतल प्रबंधन समिति द्वारा रखें गए विषय के सम्बंध में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के आसपास आने वाली 8 पंचायतों में स्वच्छता के कार्य प्रारम्भ होंगे.**

प्रबंधन समिति ने एयरपोर्ट की सीमा से लगे क्षेत्र में कचरा, अनावश्यक खाद्य पदार्थो का संग्रहण और फलों वाले बड़े-बड़े पेड़ो की समय पर कटाई आदि के सम्बंध में चर्चा के लिए बिंदु रखें गए. प्रबंधन द्वारा एयरपोर्ट के दायरे में अनावश्यक रूप से पक्षियों के रहवास तथा उड़ने की गतिविधियों को रोकने के लिए वन विभाग और नगर निगम द्वारा आवश्यक सहयोग मांगा. बैठक में इंदौर एयरपोर्ट निदेशक सुनील मग्गिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हेमंत गुप्ता, एयरलाइन्स प्रबन्धक सहित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इंदौर विमानतल के अधिकारीगण मौजूद रहे.

### एयर ट्रैफिक में व्यवधान को दूर करने के प्रयास आवश्यक

इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा बताया गया कि एयर पोर्ट के आस पास के क्षेत्र में पक्षियों के उड़ान की गतिविधिया बढ़ रही है. इसके लिए ऐसे उपाय की ये जाए कि जिससे पक्षी आकर्षित न हो. पर्यावरण की शुद्धता से भी यह आवश्यक है. बताया गया कि 2012 में पक्षियों की उड़ान की गतिविधियां 6 देखी गई, जबकि इस वर्ष 2025 में सबसे अधिक 26 गतिविधियां देखी गई है। जो एयर ट्रैफिक के नजरिये से ठीक नहीं है. सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने वन और नगर निगम दोनों विभागों को इसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए है. उन्होंने एयरपोर्ट सीमा क्षेत्र के पेड़ों की कटाई के अलावा विभिन्न होटल्स व रेस्टोरेंट द्वारा फैलाई जा रही गंदगी को दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है.

# गंदगी के बीच बनाया जा रहा था आटा

- एसकुमार एंड कंपनी पर खाद्य विभाग का छापा
- फैक्ट्री में खाद्य कारोबार कराया गया बंद
- पालदा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर. आज खाद्य विभाग ने पालदा स्थित समता नगर में एस कुमार एंड कंपनी पर छापा मारने की कार्रवाई की. छापे में फैक्ट्री के अंदर भारी गंदगी के बीच आटा निर्माण किया जा रहा था. जांच के दौरान सेंपल लेकर फैक्ट्री सील करने की कारवाई की गई.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे. उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आज समता नगर पालदा स्थित एस कुमार एंड कंपनी का निरीक्षण किया गया. मौके पर प्रभारी संदीप अग्रवाल उपस्थित पाए गए. परिसर में खाद्य पदार्थ आटा का निर्माण किया जा रहा था. परिसर में अत्यंत अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संग्रहण किया गया था. परिसर से गेहूं एवं आटा के कुल चार नमूने लिए गए तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण हेतु परिस्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण परिसर में खाद्य पदार्थों का निर्माण तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया.

### सुपारी सिकाई केंद्र व रेस्टोरेंट से लिए नमूने

एक अन्य कार्रवाई में मां अंबे सुपारी सिकाई केंद्र समता नगर पालदा का औचक निरीक्षण किया गया. मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर गोपाल अग्रवाल उपस्थित पाए गए, मौके पर कच्ची सुपारी को सेंक कर प्रोसेस किया जाना पाया गया। मौके से सिकी हुई सुपारी और सुपारी सेकने के दौरान उपयोग किये जाने वाले चूना के कुल 2 नमूने लिए गए. साथ ही विजयनगर स्थित श्री लीला रेस्टोरेंट से पनीर एवं दाल के कुल 2 नमूने लिए गए.

### शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्राथमिकता

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी.

## होमगार्ड का स्थापना दिवस आज

**इंदौर.** होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस 6 दिसम्बर को मनाया जाएगा. इस दिन सुबह 11 बजे होमगार्ड लाईन बिशप हाउस व्हाईट चर्च के पास इंदौर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है. इस कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. वे परेड का निरीक्षण करेंगे, परेड की सलामी लेंगे. इस अवसर पर आकर्षक परेड आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम में सिविल डिफेंस द्वारा आत्मरक्षा संबंधी नाटिका का प्रस्तुतिकरण होगा. साथ ही एसडीईआरएफ द्वारा मॉकड्रिल की जाएगी और उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगा.

## एक नजर में

### ब्रिज समिट अबू धाबी में 8 दिसंबर से

**इंदौर.** ब्रिज समिट 2025, दुनिया का सबसे बड़ा नया मीडिया और टेक्नोलॉजी सम्मेलन है, जो उन उद्योगों को एक साथ लाएगा जो दुनिया को देखने, सुनने और समझने का तरीका तय करते हैं. यह तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन 8-10 दिसंबर को अबू धाबी नेशनल एग्जीबिशन सेंटर में होगा. समिट में 132 देशों से 60,000 प्रतिभागी शामिल होंगे और तेजी से बदल रही वैश्विक कंटेंट इंडस्ट्री पर गहराई से चर्चा करेंगे. मीडिया, मनोरंजन, गेमिंग, टेक्नोलॉजी और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन ये अब पहले से अधिक अलग और बिखरे हुए नजर आते हैं. ब्रिज समिट इन सभी को एक ही मंच पर जोड़ने का अवसर देता है. समिट के मुख्य विषय—मीडिया, म्यूज़िक, फिल्म, गेमिंग, टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग और क्रिएटर इकॉनमी—इस बात पर केंद्रित हैं कि ये सेक्टर एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं और एक-दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं.

### कॉयनस्विच ने जारी की पहली व्यापक वीडीए हैण्डबुक

**इंदौर.** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म कॉयनस्विच ने आज वर्चुअल डिजिटल असेट्स डीकोडेड के लॉन्च की घोषणा की है. यह देश की पहली व्यापक हैण्डबुक है, जिसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों, साइबरक्राइम युनिट्स एवं नीति निर्माताओं को तेज़ी से बदलते वीडीए सिस्टम को समझने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. लॉन्च पर आशीष सिंघल, सह-संस्थापक एवं सीईओ, कॉयनस्विच ने कहा भारत बुनियादी स्तर पर क्रिप्टो अडॉप्शन के ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है. इस विकास को देखते हुए सेवा प्रदाताओं की ज़िम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं के हितों को सुरक्षित रखें तथा सुरक्षित, अधिक समावेशी क्रिप्टो सिस्टम के निर्माण को बढ़ावा दें. यह हैण्डबुक हमारे इसी मिशन में योगदान देती है. सुकांत दुखंडे, सीनियर डायरेक्टर, लीगल- कॉयनस्विच ने कहा यह हैण्डबुक पुलिस अधिकारियों, नीति निर्माताओं एवं विनियामक संगठनों को व्यवहारिक रूझानों, केस स्टडीज़ में सहयोग प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है.

### रियलमी पी4एक्स और रियलमी वॉच 5 लांच

**इंदौर.** रियलमी पी सीरीज़ ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी पी4एक्स लॉन्च और रियलमी वॉच 5 लॉन्च किए हैं. पी4 एक्स 7000एमएएच बैटरी के साथ अपने सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन है. वहीं, रियलमी वॉच 5 ब्रांड की नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, जो ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ मिलकर बनाई गई है. रियलमी पी4एक्स में रियलमी ने चिपसेट एफिशिएंसी, बैटरी एंड्योरेंस और ए.आई आधारित प्रोडक्टिविटी में को काफी अपग्रेड कर दिया है. यह उन युवा ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो ऑन-द-गो रहते हुए मल्टीटास्किंग, पढ़ाई, गेमिंग और क्रिएट करते हैं. रियलमी वॉच 5 एक मेक इन इंडिया वॉच है, जो एक बोल्ड नए डिज़ाइन में बेहतर फिटनेस, हेल्थ और कम्युनिकेशन का अनुभव प्रदान करती है.

### सैनडिस्क ने भारत में एनवीएमई एसएसडी लॉन्च की

**इंदौर.** सैनडिस्क ने भारत में डब्लूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी पेश की है. क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई यह एसएसडी परफॉर्मेंस के मामले में नए मानक स्थापित करती है. इसे एआई वर्कफ्लो में तेजी लाने, भारी प्रोडक्टिविटी टास्क संभालने और 4के एवं 8के वीडियो एडिटिंग को स्ट्रीमलाइन करने के लिए बनाया गया है. यह पिछली जनरेशन के मुकाबले 30 प्रतिशत तक बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करती है. इसमें सैनडिस्क बीआईसीएस8 क्यूएलसी 3डी सीबीए एनएएनडी के साथ सैनडिस्क एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी दी गई है। डब्लूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी 7,100 एमबी/से. (1टीबी-2टीबी मॉडल) तक की रीड स्पीड प्रदान करती है. यह 500जीबी से 4टीबी2 तक की स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध है. यह एसएसडी लार्ज-फाईल ट्रांसफर ज्यादा तेजी से करती है, हैवी एप्लीकेशंस के लिए बेहतर रिस्पॉन्सिवनेस प्रदान करती है.

### मिंत्रा का ईओआरएस-23 हुआ शुरू

**इंदौर.** मिंत्रा की प्रमुख फैशन ईवेंट, एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) का 23वां संस्करण 5 दिसंबर से शुरू हो रहा है. इसमें 10,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और स्वदेशी ब्रांड्स के 6 मिलियन से ज्यादा स्टाईल्स उपलब्ध होंगे। इस बार ईओआरएस में ग्राहकों को हाई-क्वालिटी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल कलेक्शन 'प्राईस क्रैश' अभियान के अंतर्गत बेहतरीन मूल्यों में प्राप्त होगा. मिंत्रा के विशेष समुदाय को ईओआरएस-23 की आकर्षक डील वीआईपी-ओनली स्पेशल ऑफर, समर्पित वीआईपी वीकेंड बेनेफिट्स और अतिरिक्त लाभों के साथ प्राप्त होंगी. शॉपर्स तेजी से डिलीवरी पाना पसंद करते हैं, इसलिए मिंत्रा इस बार ईओआरएस के दौरान ग्राहकों को उनके ऑर्डर ज्यादा से ज्यादा तेजी से पहुँचाने वाला है.

### टाटा प्ले बिंज ने टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की

**इंदौर.** टाटा प्ले बिंज ने टाईम्स नेटवर्क के डिजिटल ओटीटी प्लेटफॉर्म, टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की है. इस साझेदारी के अंतर्गत टाटा प्ले बिंज के ग्राहक टाईम्स प्ले के माध्यम से हॉलिवुड फिल्में, वेब सीरीज़, शॉर्ट वीडियो, पिकल बॉल और सीधा प्रसारण करने वाले 11 टीवी चैनल एक ही स्थान पर देख सकेंगे. टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को टाईम्स नेटवर्क पर मौजूद मनोरंजन, जीवनशैली, व्यापार और समाचार एक ही सदस्यता शुल्क में प्राप्त होंगे. वो मनोरंजन और समाचार के लिए रोमेडी नाउ, मूवीज़ नाउ, एमएनएक्स, एमएन+, जूम, टाईम्स नाउ, टाईम्स नाउ नवभारत, ईटी नाउ, ईटी नाउ स्वदेश और पिकलबॉल नाउ जैसे प्रीमियम टीवी चैनल भी देख सकेंगे. साझेदारी के बारे में पल्लवी पुरी, चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, टाटा प्ले ने कहा, टाटा प्ले में हमारा लक्ष्य है कि हमारे दर्शक भारत एवं पूरे विश्व का मनोरंजन आसानी से एक ही जगह खोज और देख सकें.

# गायकों ने देवानंद के हिट गीतों से सजी संगीत की शाम




**इंदौर. सदाबहार अभिनेता देवानंद को लेकर स्थानीय अभिनव कला समाज सभागार में संगीत आयोजन चमकते सितारे म्यूजिकल ग्रुप के गायक कलाकारों ने एक से एक गीत सुनकर श्रोता दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया.**

आयोजक थे रवि अतरौलिया और प्रदीप नीमा काका. कार्यक्रम में जीएस अरोरा ऐसे तो न देखो, डॉ संजय भटनागर ने शीर्षक गीत तू कहां ये बता, मधु परमार ने तेरा मेरा प्यार अमर, दिनेश सोलंकी ने धीरे से जाना खटीयन में ओ खटमल और सुषमा मंडलोई ने जारे जा उड़ जा जैसे गीत प्रस्तुत किए. अलावा अरविंद जैन, शशांक बेलखेड़े, सुभाष वर्मा और रमेश पटेल के गीतों ने भी धूम मचाई.

युगल गीतों में रवि अतरौलिया ने मधु परमार संग ए मैने कसम ली, सुषमा के साथ ओ मेरे राजा, गीत का मजा दिया. प्रदीप नीमा, अन्नू शर्मा और साथियों ने धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि पल पल दिल के पास गीत गाकर दी. संचालन किया राजेश गोधा ने. प्रारंभ में डॉ भरत शर्मा, सदस्य संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और आलोक बाजपेई, अन्नू शर्मा, मधु परमार, सुषमा मंडलोई ने सरस्वती देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया.

# भारत शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में होगा शामिल

- आईएमए द्वारा ग्लोबल कनेक्ट- द एनआरआई विज़न समिट का आयोजन




**इंदौर.** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा होटल द पार्क में ग्लोबल कनेक्ट: द एनआरआई विज़न समिट का आयोजन किया. यह अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम अमेरिका में बसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीयों से वैश्विक अनुभव एवं ज्ञान साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच बना. इस समिट में वैश्विक व्यापार, नवाचार, नेतृत्व, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इमीग्रेशन, तथा भारत की प्रगति में एनआरआई की भूमिका जैसे विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई.

प्रमुख वक्ता न्यू जर्सी के पंकज गुप्ता थे. भारत की आर्थिक क्षमता, विदेशी निवेश और उभरते मध्यम वर्ग की ताकत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा. न्यू जर्सी के मनीष अग्रवाल ने भारतीय स्टार्टअप्स एवं व्यवसायों के लिए अंतरराष्ट्रीय विस्तार, कानूनी प्रक्रियाओं और वैश्विक अवसरों की जानकारी साझा की. न्यू जर्सी के शमन जैन ने एआई, साइबर सुरक्षा और टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन की जरूरत पर बल दिया, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ सके. मिल्वौकी के राजीव सुराणा ने भारत-अमेरिका संबंधों को सुदृढ़ बनाने में एनआरआई समुदाय की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला. न्यू जर्सी के राकेश काबरा ने वैश्विक व्यापार एवं निवेश सहयोग को बढ़ाने पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए. कार्यक्रम के दौरान भारत के विकास में एनआरआई योगदान, भारतीय युवाओं का वैश्विक नेतृत्व, स्टार्टअप एवं निवेश के अंतरराष्ट्रीय अवसर व इंदौर को ग्लोबल बिजनेस हब बनाने आदि पर मुख्य रूप से चर्चा हुई. इस दौरान उद्योगपति, शिक्षाविद्, स्टार्टअप फाउंडर्स, कॉरपोरेट प्रबंधक और युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक बताया तथा ऐसे आयोजन नियमित रूप से जारी रखने का आग्रह किया.

### सहयोग की दिशा में प्रभावी पहल

आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा यह समिट भारत और वैश्विक भारतीय समुदाय के बीच मजबूत सहयोग की दिशा में एक प्रभावी पहल है, जो इंदौर को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ज्ञान साझेदारी से जोड़ती है. सभी प्रवासी भारतीय अतिथियों को आईएमए द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया.

# कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को स्वेटर किए वितरित

- शैक्षणिक विषयों और पाठ्यक्रमों की रूचि के बारे में भी जाना



**इंदौर.** इंदौर एकीकृत पाठशाला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 22 (सीआरपी लाइन) में आज स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरक सामाजिक पहल में कलेक्टर शिवम वर्मा ने सहभागिता करते हुए बच्चों को स्वेटर वितरित किए.

कार्यक्रम समाजसेवी डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा की प्रेरणा से सेवानिवृत्त चिकित्सकों के समूह द्वारा आयोजित किया गया. स्वेटर वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाए. ठंड से प्रभावित नहीं हो और ठंड के कारण कोई भी बच्चा स्कूल की छुट्टी नहीं करें. इस अवसर पर कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से सीधा संवाद किया. बच्चों से कहा कि वे नियमित रूप से स्कूल जाए. पढ़े, लिखे, उन्नति करें और बड़े व्यक्ति बनें. उन्होंने बच्चों से शैक्षणिक विषयों और पाठ्यक्रमों की रूचि के बारे में भी जाना. उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य और करियर के बारे में जानकारी ली. कलेक्टर ने विद्यालय में एक्टिविटी रूम विकसित करने की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए

### तीन और स्कूलों में दिए जाएंगे स्वेटर

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा, डॉ. मुक्ता जैन, डॉ. हेमंत जैन, श्रीमती उर्मिला काकड़िया, डॉ. अतुल नाहटा, डॉ. जयश्री नाहटा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे. डॉ. हेमन्त जैन ने कहा कि शैक्षणिक सत्र के दौरान किसी भी विद्यार्थी को ठंड का सामना न करना पड़े, इसी उद्देश्य से सभी बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए. उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम तीन और अन्य स्कूलों में भी आयोजित किए जाएंगे.

## मस्कुलर डिस्ट्राफी पर कार्यशाला आज

**इंदौर.** सोसायटी फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी द्वारा इंदौर के रॉबर्ट नर्सिंग होम एंड रिसर्च सेंटर में 6 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे से मस्कुलर डिस्ट्राफी पर कार्यशाला आयोजित की गई है. कार्यशाला में कलेक्टर शिवम वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे.

# भर्ती रैली में इंदौर-उज्जैन संभाग के 6330 युवाओं ने लिया भाग

- अग्निपथ योजना अंतर्गत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन
- चयनित तीन हजार युवाओं की होगी मेडिकल जांच

**इंदौर. अग्निपथ योजना अंतर्गत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन जिला प्रशासन एवं आर्मी रिक्रुटमेन्ट ऑफिस महू के निर्देशन में हुआ. यह आयोजन 20 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक खण्डवा रोड़ स्थित तक्षशिला परिसर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर (स्पोर्ट ग्राउन्ड) में किया गया. भर्ती रैली में इन्दौर एवं उज्जैन सम्भाग के 15 जिलों के 6330 युवाओं ने भाग लिया.**

रैली में युवाओं को 1600 मीटर दौड़ तथा कड़े शारिरिक मापदण्डों से गुजरना पड़ा. लगभग 3500 से अधिक अभ्यर्थियों ने 1600 मीटर दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा किया। अभ्यर्थियों के सभी दस्तावेजों की भी गहनता से जाँचा गया. सभी मापदण्डों पर परखे जाने के बाद लगभग 3000 अभ्यर्थियों को मेडिकल जॉच के लिये चुना गया, जो कि अगले तीन से चार सप्ताह तक चलेगी.

उक्त आयोजन के लिये जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर के उप संचालक पी.एस. मण्डलोई को जिला प्रशासन द्वारा रैली स्थल की समस्त स्थानीय व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया था. सेना के भर्ती अधिकारी एवं जिले के अन्य विभागों से समन्वय से अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ.

एक नजर में — फ्लो स्पार्क पहल के तहत कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों को जीत नहीं, जिंदगी का सबक सीखने प्रोत्साहित करें



**इंदौर.** दुनिया में महत्वाकांक्षाओं और ताकत की चुनौतियां बहुत हैं, लेकिन फ्लो इंदौर ने अपने सदस्यों की अटूट भावना को सम्मान देने के लिए एक खास शाम का आयोजन किया. 100 से ज्यादा सक्रिय मेंबर्स ने दो रोमांचक हिस्सों में हिस्सा लिया- फ्लो स्पार्क पहल के तहत किताब पढ़ने का सेशन और मिस इंडिया वर्ल्ड, मिस निकिता पोरवाल के साथ एक खास मुलाकात.

निकिता पोरवाल के साथ गर्मजोशी भरी बातचीत की गई. जीत के सफर पर पूछने पर निकिता ने चौंकाने वाली बात बताई. उन्होंने कहा ये मेरा सपना बिल्कुल नहीं था. ये मेरी मां की मजबूत इच्छा थी. बचपन से मां ने मुझे ब्यूटी क्वीन बनने की नजर से देखा. स्कूल के फैंसी ड्रेस इवेंट में हमेशा यही कपड़े पहनाए. निकिता ने सौंदर्य प्रतियोगिताओं की दुनिया को सरल और जीवंत ढंग से बताया. उन्होंने बताया कि दो कठिन राउंड पास करने के बाद तीसरा जीतकर, वे मिस एशिया बनीं. निकिता ने बताया कि मुझे बदलाव लाना पसंद है. मैं जानवरों के कल्याण के लिए काम करना चाहती हैं. मेरा सपना है- इंदौर की हर मां अपने बच्चे को ऐसे इवेंट आजमाने के लिए प्रोत्साहित करे- जीत के लिए नहीं, बल्कि विकास और जिंदगी के सबकों के लिए. उन्होंने फ्लो सदस्यों को डर का सामना करने की सलाह दी. फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन, सीए श्वेता अग्रवाल ने मिस पोरवाल को धन्यवाद दिया, जिन्होंने हार न मानने की ताकत दिखाई.

### सशक्तिकरण पर की चर्चा

फ्लो इंदौर कमिटी सदस्य, मिस गिन्नी छाबड़ा ने जिम्मेदारी से संचालन किया. इस शाम का केंद्र था, फ्लो स्पार्क बुक रीडिंग पहल, जो सदस्यों में किताब पढ़ने के शौक को बढ़ावा देती है. इस बार फोकस था, मशहूर लेखिका, चित्रा बनर्जी दिवाकरूनी की किताब 'द लास्ट क्वीन' पर. किताब पंजाब की आखिरी रानी, जिंदन कौर की अद्भुत कहानी बयान करती है. कहानी में उनके विदेशी ताकतों से संघर्ष, करीबियों के धोखे और उस समय के सख्त नियम दिखाए गए हैं. एक सदस्य ने कहा उनकी जिंदगी बताती है कि असली ताकत मुश्किलों से पैदा होती है. ये जन्म से नहीं मिलती, मेहनत से बनाई जाती है. मेंबर्स ने सशक्तिकरण और लगातार आगे बढ़ने जैसे विचारों पर जोरदार चर्चा की.